# प्रेस विज्ञप्ति

## "सरकार की ओएनडीसी योजना और एनएसआईसी की योजनाओं पर कार्यशाला का सफल आयोजन"

कानपुर, 3 सितम्बर, 2025: मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की इंडस्ट्री समिति और राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआईसी) के संयुक्त तत्वावधान में "सरकार की ओएनडीसी योजना और एनएसआईसी की योजनाएँ" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआईसी) के वरिष्ठ अधिकारीगण मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन इंडस्ट्री समिति के चेयरमैन सुशील शर्मा ने किया। स्वागत भाषण इंडस्ट्री समिति के सलाहकार प्रेम मनोहर गुप्ता द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के विषय-वस्तु का परिचय तन्मय तिवारी, सीनियर ब्रांच मैनेजर, एनएसआईसी, कानपुर ने दिया।

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआईसी) की ओर से मोहित शर्मा ने "सरकार की ओएनडीसी योजना" और "एनएसआईसी की योजनाओं" पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एमएसएमई की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए एक नई पहल "एमएसएमई टीम" डिज़ाइन की गई है। यह पहल एमएसएमई को ई-कॉमर्स बाजार का प्रभावी उपयोग करने के लिए डिजिटल उपकरण और मार्गदर्शन प्रदान करेगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य एमएसएमई को ओएनडीसी के साथ एकीकृत करके विभिन्न बाजारों तक पहुंचने में मदद करना है, जिससे उनका ग्राहक आधार बढ़ेगा। साथ ही, यह योजना एमएसएमई को अपनी डिजिटल उपस्थिति और लेन-देन का इतिहास स्थापित करके उनकी विश्वसनीयता को भी मजबूत करेगी।

कार्यक्रम के अंत में एक संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

धन्यवाद प्रस्ताव अमित पांडेय ने दिया, जिन्होंने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर रूफी वाकी, उमेश पांडेय और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

आपसे अनुरोध है कि उक्त को अपने समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित करें|